हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

04 विधायक-एसडीएम ने लालू महाराज को जूस...



08 नदी और तालाब भी निगल गए रसूखदार...





## खबर संक्षेप

### निम्न आय वर्ग को मिलेगी होम लोन पर 1 लाख 80 हजार सब्सिडी

**विदिशा।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को होम लोन पर अधिकतम 1.80 लाख रुपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। डूडा परियोजना अधिकारी एवं सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर के निर्देशन में नगरपालिका द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से योजना का व्यापक प्रचार किया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम मकान मूल्य 35 लाख और ऋण सीमा 26 लाख रुपए निर्धारित है। पात्रता अनुसार ईडब्ल्यूएस की वार्षिक आय 3 लाख, एलआईजी की 6 लाख और एमआईजी की 9 लाख रुपए तक होनी चाहिए। आवेदक या परिवार के नाम पर भारत में कोई पक्का घर नहीं होना चाहिए।

### अखंड सौभाग्य के लिए आज करवा चौथ का व्रत करेंगी महिलाएं

**विदिशा।** आज शुक्रवार को महिलाएं करवा चौथ व्रत रखेंगी। माताएं-बहिनें अखण्ड सौभाग्य की कामना से निर्जल व्रत रखकर भगवान गणेश, शिव-पार्वती और चंद्रदेव की पूजा करेंगी। रात्रि 8:30 बजे चंद्रोदय के बाद चलनी से चंद्र दर्शन कर अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद पति द्वारा जल ग्रहण कराकर व्रत का पारण कराया जाएगा। वैदिक परंपरा अनुसार यह व्रत पति की दीर्घायु और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना हेतु किया जाता है।

### संघ समाज सेवा से राष्ट्र निर्माण की और अग्रसर

**विदिशा।** गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नटेरन खंड के उपखंड पमारिया का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में पमारिया आमखेड़ा,ऐंचदा मंडल के स्वयंसेवक शामिल हुए। ग्राम पंचायत पमारिया के प्रांगण में स्वयंसेवक एकत्रित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ढाडौन माता मन्दिर के संत महा मंडलेश्वर, खंड संघ चालक सुनील जैन एवं मुख्य वक्ता वीरेंद्र रघुवंशी, जिला प्रचार प्रमुख विदिशा उपस्थित रहे। पथ संचलन ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचायत भवन परिसर में पहुंच कर पथ संचलन का समापन हुआ। ग्राम में जगह-जगह रंगोली एवं पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। उक्त जानकारी खंड प्रचार प्रमुख राकेश ने दी।

### खरीद में पारदर्शिता की दिशा में कदम

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जेम (गवर्नमेंट ई मार्केट प्लेस)पोर्टल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित किया गया था। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ऐसे प्रशिक्षणों के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्मों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हुए जिले के विभिन्न विभागों के 72 लिपिकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षित किया गया है।

### दिवाली का शॉपिंग मेला एडिशन 2025

**विदिशा।** जिले में पहली बार एमएसएमई क्षेत्र को समर्पित राष्ट्रीय प्रदर्शनी फस्ट मध्य भारत एक्सपो दिवाली एडिशन 2025 का आयोजन 11 से 14 अक्टूबर तक एसएटीआई कॉलेज के मैदान पर किया जा रहा है। यह आयोजन एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से नवोदय विस्तार द्वारा किया जा रहा है। एक्सपो का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों, महिला उद्यमियों, पिछड़े वर्गों और नवप्रवर्तकों को एक सांझा मंच प्रदान करना है। 100 प्रतिशत तक की भागीदारी सहायता पीएमएस योजना के तहत उपलब्ध है। इस दौरान हस्तशिल्प, एग्रो, सोलर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

## नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने नपा का वित्तीय प्रभार उपाध्यक्ष को सौंपा

# पार्षदों के विरोध के बावजूद उपाध्यक्ष के हाथ में सौंपी कमान, उठ सकते हैं विरोध के स्वर

*नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने आखिरकार वित्तीय प्रभार नपा के उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को सौंप दिया। गुरुवार को उपाध्यक्ष दिवाकीर्ति ने नपा कार्यालय पहुंचकर सीएमओ दुर्गेश ठाकुर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इधर उपाध्यक्ष को प्रभार सौंपे जाने को लेकर भाजपा के ही कुछ पार्षदों ने इसका विरोध किया था। ऐसे में अब फिर विरोध के स्वर उठ सकते हैं।*

- अधिकतम 89 दिन तक रह सकता है वित्तीय प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका में लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक विवाद अब समाप्त हो गया है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने अस्वस्थता का हवाला देते हुए अपने सभी अधिकार उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को सौंप दिए हैं। इसके बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर ने प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से अध्यक्ष का प्रभार सौंपा।

कई हफ्तों से नपा में अस्थिरता का माहौल था। पार्षदों के बीच मतभेद के कारण महत्वपूर्ण फैसले अटके हुए थे। शहर के विकास कार्य भी ठप थे। अब उपाध्यक्ष को अध्यक्ष का कार्यभार मिलने से प्रशासनिक स्थिरता लौटने की उम्मीद है।



विदिशा। रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर अध्यक्ष का प्रभार लेते हुए उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति।

### आज फुकेगा पुतला

नगरपालिका में नियमों को तक पर रखते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष को चार्ज दिए जाने के विरोध में आज उपाध्यक्ष का पुतला जलाया जाएगा।

नगरपालिका के प्रभारी अध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति के पुतले को आज दोपहर 12 बजे नगरपालिका कार्यालय के सामने जलाया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, पार्षद एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में पुतला दहन किया जाएगा।

### उपाध्यक्ष के पास पावर भी पार्षदों को खल रहा

नपा के ही उपाध्यक्ष सहित 38 पार्षदों ने पहले नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए कलेक्टर को आवेदन दिया था और जैसे ही उन्हे इस बात की भनक लगी की नपाध्यक्ष का प्रभार उपाध्यक्ष को मिलेगा तो उन्होंने इस बात का भी विरोध यह कहते हुए किया था कि नपाध्यक्ष महिला हैं और उनके स्थान पर किसी को प्रभार न दिया जाए। इसलिए या तो किसी महिला को प्रभार सौंपा जाए या फिर अविश्वास प्रस्ताव को भेजा जाए। लेकिन पांसा उलटा पड़ गया और पार्षदों के मनमुताबिक काम नहीं हो सका।

### उपाध्यक्ष बोलेः सभी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे

प्रभार ग्रहण करने के बाद उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर के रुके हुए विकास कार्यों को गति देना और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है। दिवाकीर्ति ने सभी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर काम करने की बात भी कही। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक नियमों के तहत की गई है। अध्यक्ष के अस्वस्थ होने और उनके आवेदन के बाद ही यह कार्यवाही संपन्न हुई है। हालांकि कुछ पार्षदों ने उपाध्यक्ष को यह प्रभार दिए जाने का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बावजूद उपाध्यक्ष को कार्यभार सौंप दिया गया है। नगरपालिका में लंबे समय से चली आ रही सियासी हलचल के बाद अब शहरवासी भी उम्मीद कर रहे हैं कि विकास कार्य बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ेंगे।

### 89 दिन के लिए है

उपाध्यक्ष के पास वित्तीय प्रभार अधिकतम 89 दिन के लिए रह सकता है। लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है, क्योंकि नपाध्यक्ष ने अपने अस्वस्थ्य रहने का हवाला दिया है और उनके स्वस्थ्य होते तक विदिशा नपा में अध्यक्ष का प्रभार उपाध्यक्ष के पास रहेगा।

## राजनीतिक दबाव में मनमानी जगह नपती कर रहे अधिकारी

### जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने राजस्व अधिकारियों पर लगाए मनमानी करने के आरोप



विदिशा। लेआउट डालने दलबल के साथ पहुंचे अफसर।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर सिद्धांत सिंघई का कहना है कि भू-स्वामी को 7 लाख से अधिक की मुआवजा राशि पहले ही वितरित की जा चुकी है। लेकिन उनके द्वारा जमीन पर काम करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बायपास पर हाईटेंशन लाइन के पोल शिफ्टिंग के लिए गुरुवार को एसडीएम, तहसीलदार सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ एनएच के अधिकारियों के साथ जिपं अध्यक्ष कैलाश रघुवंशी के प्लाट पर पहुंचे। पोल लगाने के लिए लेआउट डालने का काम किया गया। तहसीलदार ने कैलाश रघुवंशी को नोटिस जारी कर मौके पर उपस्थित रहने के लिए कहा था, लेकिन वह जरुरी काम से बाहर थे।

जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने आरोप लगाया कि एक बड़े नेता के दबाव में प्रशासन और एनएचएआई अधिकारी गलत प्लॉट पर नपती कर रहे हैं। जिस भूमि पर कार्य किया जा रहा है वह उनका निजी स्वामित्व वाला प्लॉट है और वहां उनकी गिट्टी का ढेर रखा हुआ है।

#### मोनोपोल की मांग

सीईए के एक्ट के मुताबिक पोल शिफ्टिंग में लैंड मालिक को कम से कम नुकसान हो इसके लिए मोनोपोल या नैरो बेस टाबर लगाए जाते हैं देवास बायपास, मेट्रो रेल, इंदौर, भोपाल और जबलपुर तथा ग्वालियर में लगाए भी गए हैं। कैलाश रघुवंशी ने भी मोनोपोल लगाने की मांग अधिकारियों से की थी, लेकिन वह सुनने तैयार नहीं है और मनमानी पर उतारू हैं।

रघुवंशी ने बताया कि राजस्व विभाग जानबूझकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। जहां वास्तविक कार्य होना है वहां से हटकर हमारी जमीन को चिन्हांकन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि खसरा नंबर 480 और 481 नंबर के प्लॉट पास-पास हैं इसलिए तकनीकी कारणों से भ्रम की स्थिति बनी। रघुवंशी ने इसे तकनीकी नहीं बल्कि राजनीतिक दबाव का परिणाम बताया है।

## डॉक्टर की गिरफ्तारी के विरोध में जूडा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**डॉक्टरों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप, न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

छिंदवाड़ा के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तार के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा), मध्य प्रदेश ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

जूडा विदिशा के अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव डॉ. विमल मेहरा ने बताया कि एक पंजीकृत कफ सिरप के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर की गई यह गिरफ्तारी अनुचित, अनैतिक और डॉक्टरों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि दवा की गुणवत्ता की जिम्मेदारी डॉक्टर की नहीं, बल्कि निर्माता और नियामक संस्थाओं की होती है। एसोसिएशन का कहना है कि बिना प्रत्यक्ष लापरवाही के डॉक्टर की गिरफ्तारी संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है और यह कार्रवाई लोकदबाव में की गई तात्कालिक प्रतिक्रिया प्रतीत होती है। डॉ. मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्यायपूर्ण समाधान नहीं निकाला गया तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जूडा ने स्पष्ट किया कि वह डॉ. सोनी के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

#### जूडा की प्रमुख मांगें

- डॉ. प्रवीण सोनी के विरुद्ध की गई कार्रवाई तत्काल निरस्त की जाए।
- मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो।
- भविष्य में डॉक्टरों की गिरफ्तारी से पूर्व उचित प्रक्रिया की जाए।
- चिकित्सकों के लिए कानूनी संरक्षण एवं एसओपी जारी हो।

### जीएसटी की नई दरें लागू, शिकायत करने 1915 पर कॉल करें

**विदिशा।** जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एमआरपी निर्धारित करने के कोई प्रावधान नहीं है, अधिक कीमत पर सामान का विक्रय होने पर उसी राशि पर जीएसटी वसूले जाने के प्रावधान है। कर सहायक आयुक्त न बताया कि भारत शासन द्वारा 22 सितंबर से जीएसटी की नवीन दरें लागू की हैं। जिसका लाभ यदि उपभोक्ता को नहीं पहुंचता है, तो वह राष्ट्रीय उपभोक्ता सहायता केन्द्र के टोल फ्री नंबर 1915 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता अपनी खरीदी का बिल आवश्यक रूप से प्राप्त करें, जिससे शासन के राजस्व में वृद्धि होगी। ऐसे व्यवसायी जिनका टर्न ओवर 40 लाख सालाना से कम है, जीएसटी अधिनियम के तहत सभी का पंजीयत होना अनिवार्य नहीं है।

### मां की हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**विदिशा।** त्योंदा ग्राम सुनोटी निवासी गनपत सिंह कुर्मी ने अपनी मां मन बाई की हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा है। प्रार्थी ने बताया कि उसकी मां 5 अक्टूबर को छोटे बेटे बलवंत सिंह के साथ घर से गई थीं, जिसके बाद 6 अक्टूबर को उनकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि बलवंत सिंह ने भाई रामप्रसाद के साथ मिलकर मां की हत्या की। झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई ताकि दोनों भाइयों के बीच चल रहे 35 लाख रुपए के विवाद को छिपाया जा सके। परिजनों ने आरोप लगाया कि जमीन के सौदे के पैसों को लेकर विवाद था और पैसे वापस न करने के कारण हत्या कर साजिशन झूठा मामला दर्ज कराया गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पेयजल आपूर्ति संसाधनों में व्यवधान न आए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैठक ली।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो तथा आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए अभी से समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाएं बिजली या संसाधनों के अभाव में बंद न हों। ऊर्जा विभाग को नियमित बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए। नल-जल योजनाओं के छोटे कार्य (20 से 25 हजार रुपए तक) वेण्डरों के माध्यम से कराकर भुगतान ग्राम पंचायत से कराने की बात कही गई। जलकर वसूली का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपने और उन्हें प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया।





विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

### जल स्रोतों के परीक्षण और रिचार्ज पर जोर

कलेक्टर ने सभी हैंडपंप, कुओं और अन्य जल स्रोतों का नियमित जल परीक्षण और रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। ग्रीष्मकाल में सूखने वाले स्रोतों के रिचार्ज कार्य मनरेगा के तहत कराने की बात कही। बंद नल-जल योजनाओं को निर्धारित अवधि में चालू कर उनकी जानकारी मीडिया के माध्यम से साझा करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कम से कम दस बोरवेल सौर ऊर्जा से संचालित किए जाएं। ऊर्जा विभाग को सोलर पैनल स्थापना शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बिजली कनेक्शन से पहले संबंधित जानकारी विभागों के बीच साझा करने के निर्देश दिए।

## सीएम पर अपमानजनक टिप्पणी का विरोध आनंदस्वरूप पर एफआईआर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर सोशल मीडिया पर की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने गुरुवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। महासभा ने आनंद स्वरूप द्वारा मुख्यमंत्री को 'राष्ट्रद्रोही', 'हिन्दू द्रोही' और 'सवर्ण द्रोही' कहने की निंदा करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। यह विरोध मुख्यमंत्री द्वारा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा के बाद सामने आया है।





प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव और जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव ने आनंद स्वरूप की टिप्पणियों को संविधान की भावना के विपरीत और समाज में जातीय विद्वेष फैलाने की साजिश बताया। महासभा पदाधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की घोर जातिवादी टिप्पणियां समाज के सौहार्द्र और भाईचारे के लिए खतरा हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। साथ ही, 11 अक्टूबर को प्रदेशभर में यादव महासभा के कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपकर आनंद स्वरूप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

## सरकारी डॉक्टरों की नियम विरुद्ध निजी प्रैक्टिस करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पदस्थ कई सरकारी डॉक्टरों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए निजी क्लिनिक व मेडिकल दुकानों के अंदर या आसपास क्लिनिक संचालित करने की शिकायत सीएमएचओ से गई है।

शिकायतकर्ता शोभित अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में मात्र 170 से 175 मेडिकल संस्थान ही पंजीकृत हैं, जबकि अनेक सरकारी डॉक्टर बिना पंजीकरण के निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। डॉक्टरों की मेडिकल दुकानदारों से मिलीभगत के कारण मरीजों को केवल तय दुकानों से ही दवाएं खरीदनी पड़ती हैं।

### सिर्फ सीमित परामर्श दे सकते हैं डॉक्टर

नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर केवल अपने आवास पर ही सीमित परामर्श दे सकते हैं, परंतु कई डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों और क्लिनिकों में भी कार्यरत हैं, जिससे सरकारी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। शिकायतकर्ता ने पूरे जिले में ऐसे क्लिनिकों की जांच कर 30 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग की है। साथ ही जांच के दौरान वीडियोग्राफी कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समय-सीमा में कार्रवाई न होने पर वे न्यायालय की शरण लेंगे।

### आपदा की स्थिति में त्वरित राहत, बचाव और समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया

# मेडिकल कॉलेज में भूकंप के बाद लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में भूकंप एवं आगजनी की स्थिति पर संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

यह अभ्यास आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन योजना के तहत किया गया, जिसमें 11वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल टीम, एसडीईआरएफ विदिशा, होमगार्ड और नगर पालिका की टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन रहीं। अभ्यास के परिदृश्य के अनुसार भूकंप के झटकों से मेडिकल कॉलेज की एक इमारत का हिस्सा ढह गया, जिसमें कई लोग फंस गए। प्रारंभिक बचाव कार्य होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम ने शुरू किए, पर स्थिति गंभीर होने पर एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन, उप कमांडेंट एसए सिकंदर के नेतृत्व में भोपाल से मौके पर पहुंची। टीम ने ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट स्थापित कर लाइन सर्च, रोप रेस्क्यू और विक्टिम लोकेटिंग कैमरा जैसी तकनीकों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।



विदिशा। मेडिकल कॉलेज में आपदा की स्थित में बचाव का अभ्यास करते हुए।

### आईसीयू में लगी आग, फायर टीम ने नियंत्रित की

भूकंप के बाद शॉर्ट सर्किट से आईसीयू वार्ड में आग लगने की स्थिति का अभ्यास भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में नगर पालिका की फायर टीम ने फायर टेंडर से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। वहीं प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में सीडीईआरएफ टीम ने फायर एक्सटिंग्यूशर और रोप रेस्क्यू तकनीक से मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। डीन डॉ. मनीष निगम, डॉ. नरेंद्र पटेल सहित उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की सराहना की। यह मॉक ड्रिल आपदा की स्थिति में राहत-बचाव की तैयारी साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने का भी सार्थक प्रयास है।

### गुलाबगंज में होगी विपिन बिहारी महाराज की कथा

**विदिशा।** कथा वाचक विपिन बिहारी महाराज की कथा कल 11 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो स्टेशन के सिद्ध हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर राम मंदिर बर्रीघाट चौराह होते हुए कथा स्थल दांगी धर्मशाला पहुंचेगी। जहां कलश यात्रा का समापन होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है की कलश यात्रा के दिन सभी महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शामिल हों। गुलाबगंज में इतने बड़े संत की कथा पहली बार होने जा रही है।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3000
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2760
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2580
उच्चतम भाव- 2650
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5625
मसूर
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-7500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव- 3300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4460
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7400
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6500
उड़द
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6521
धान
न्यूनतम भाव-1926
उच्चतम भाव- 2585
मक्का
न्यूनतम भाव-1060
उच्चतम भाव- 1580

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 14195 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय वेबिनार आज

**गंजबासौदा**। शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग से निर्देशों के पालन में महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के सौजन्य से शुक्रवार को स्वास्थ्य प्रबंधन में योग, खेल आध्यात्मिक अभ्यास और सामाजिक रीति रिवाज के समावेशी आयाम विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ. एच आर नागेन्द्र, चांसलर एस व्यास होंगे। आयोजन सचिव डॉ. प्रदन्या करन्दीकर ने राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लेने की अपील की है।

### गौशाला बनाने शुरू की थी भूख हड़ताल,भूमि आवंटन का मिला आश्वासन

# विधायक-एसडीएम ने लालू महाराज को जूस पिलाकर खत्म कराया अनशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर के लालपरेड ग्राउंड पर नगर के गौसेवक लालू महाराज ने गत दिवस से ही भूख हडताल शुरू कर दी थी। गुरूवार को उनके अनशन स्थल पर सुबह से ही गौभक्त पहुंचने लगे थे। उधर दोपहर में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, एसडीएम संतोष बिटौलिया आदि भी पहुंचे और भूख हडताल कर रहे लालू महाराज को रसूलपुर में गौशाला के लिए भूमि सर्वे कराने और गौशाला के लिए भूमि आवंटन का आश्वासन दिया। इसके बाद जूस पिलाकर उनकी भूख हडताल को भी समाप्त करवाया।

यहां उल्लेखनीय है कि लालू महाराज पिछले कई वर्षों से गौसेवा कर रहे हैं और इसी के साथ निस्वार्थ भाव से समाज के सहयोग से त्योंदा रोड पर पुराने मंडी गेट के सामने बीमार, घायल, दुर्घटनाग्रस्त गायों के उपचार, उनके आश्रय और चारा पानी की व्यवस्था करते आ रहे हैं। अभी तक वे दर्जनों घायल, बीमार गायों का उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर चुके हैं। साथ ही अब उनकी गौशाला में बडी संख्या में बीमार और घायल गौवंश है। जिसको लेकर अब जगह एवं संसाधनों की कमी से गौशाला संचालन मुश्किल हो रहा है। इसी के चलते उन्होंने प्रशासन से ग्राम रसूलपुर में चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर गौशाला बनवाने की मांग की थी और इसी मांग को लेकर वे पिछले कई दिनों से अन्न त्यागकर अनशन कर रहे थे। गत दिवस भी उन्होंने गौसेवकों के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था और अपनी मांग पर कार्रवाई होने तक सिर्फ जल पर निर्भर रहकर अनशन शुरू कर दिया था। बीती रात भी प्रशासनिक अधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर उन्हें समझाइश और आश्वासन दिया था। इसके बाद आज सुबह से ही उनके अनशन स्थल पर गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी व वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज, नौलखी के मल्लिकार्जुन महाराज सहित बडी संख्या में गौसेवक, नागरिक एकत्रित होने लगे थे। इस बीच विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि भी लाल परेड ग्राउंड पहुंचे। साथ ही एसडीएम संतोष बिटोलिया और तहसीलदार अरविंद यादव भी मौके पर मौजूद रहे। सभी ने गौ माता के संरक्षण और सुरक्षा के लिए शीघ्र ही व्यवस्था करने की बात कहते हुए, भुख हड़ताल खत्म कराई। संतो के सानिध्य में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीएम ने गौसेवक लालू महाराज को जूस पिलवाकर अनशन तुड़वाया। इस मौके पर बताया गया कि त्योंदा के रसूलपुर में गौ सेवा के लिए जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए जमीन का सर्व भी प्रारंभ करने की जानकारी दी गई। जिस पर लालू महाराज एवं गौसेवकों ने विधायक सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार माना है।

## वेदांत आश्रम में नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर गुरुवार को नागरिक सेवा समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त प्रयास से नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के नेत्र चिकित्सकों द्वारा वेदांत आश्रम गुरुकुल के के 85 विद्यार्थियों के नेत्रों का परीक्षण किया गया। जिन बच्चों की आंखों में दृष्टि दोष पाए गए उनको चश्मा बनवाने की सलाह दी गई। जिन छात्रों की आंखों में कमजोरी के लक्षण दिखे उनको पौष्टिक भोजन ग्रहण करने की सलाह दी गई। भोजन में सलाद गाजर, चुकंदर का प्रयोग करने, ज्यादा सूर्य की रोशनी से आंखों का बचाव करने की सलाह दी गई। शिविर में संस्कृत विद्यालय के महंत हरिहर दास महाराज एवं संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य बाबू भाई रघुवंशी, डॉक्टर सिंह, प्रकाश माहेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कराए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत जय स्तंभ चौक, वार्ड नंबर 6, 7 में घर घर जाकर हस्ताक्षर कराए गए। हस्ताक्षर अभियान के तहत जय स्तंभ चौराहे से मेन रोड बरेठ रोड पर आमजन और व्यापारी भाइयों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान को देश भर में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस तक पहुंचकर यह बताना कि किस तरीके से भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर मतदाता के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम राहुल गांधी का महत्वपूर्ण अभियान है। जिसे संपूर्ण मध्यप्रदेश की प्रत्येक तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर चलाया जा रहा है। इस दौरान अभियान समन्वयक रवि साहू के साथ वार्ड नंबर 1 की पार्षद मंजू कुशवाह, वार्ड नंबर 2 पार्षद जगदीश व्यास और वार्ड नंबर 3 पार्षद प्रतिनिधि के रूप में रवि यादव, अमित मेहता, सुनील रैकवार, अन्नू चंदेल, विष्णु शर्मा मौजूद रहे। वहीं वार्ड नंबर 6 और 7 में पृथ्वी सिंह रघुवंशी, मिथुन पालीवाल, राजकुमार साहू आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## एसजीएस कॉलेज में युवा उत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में गुरुवार को युवा उत्सव का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में साहित्य एवं रुपांकन पक्षों में 10 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साहित्यिक पक्ष की प्रतियोगिताओं के प्रभारी डॉक्टर बालकृष्ण प्रजापति ने प्रतियोगिताएं संपन्न कराई। जिसमें वक्रता भाषण में रितिक राठौड़ ने प्रथम, वाद विवाद के पक्ष में रितिका दांगी एवं विपक्ष में श्रीराधे यादव तथा प्रश्न मंच में शोएब खान, रितिक राठौर एवं निखिल राठोर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूपांकन की प्रतियोगिताओं की प्रभारी डॉ. कंचन वैद्य रही। इनमें रंगोली में शालू रैकवार प्रथम, चित्रकला में सुमन रैकवार प्रथम, क्ले मॉडलिंग में शुभी ठाकुर प्रथम, कोलाज में नम्रता अहिरवार प्रथम, पोस्ट निर्माण में मोनिका अहिरवार प्रथम, कार्टूनिंग में शिवांशी दांगी प्रथम तथा एकल गायन सम में राम रादित्य सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक पक्ष की प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. सरिता घेंघट, सांगीतिक पक्ष में डॉ. सुमनलता गुप्ता, साहित्यिक पक्ष में डॉ. बीके प्रजापति तथा रूपांकन पक्ष में डॉ. कंचन वैद्य एवं समिति सदस्यों ने मिलकर इन प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विजय शाक्य ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र जिले स्तर की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी और चयनित प्रतिभागियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का आभार युवा उत्सव समिति की सदस्य डॉ. सपना श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## प्राणघातक हमले के आरोपी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार द्वारा रविकांत मलैया आयु 26 वर्ष निवासी जग्गा मंदिर के पास, वार्ड नं. 8, वेदनखेड़ी टपरिया, थाना शहर को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध में दोषसिद्ध पाते हुये 4 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास ने बताया कि सूचनाकर्ता काशीराम पटेल ने दिनांक 18 फरवरी 2023 को थाना शहर बासौदा को सूचना दी थी कि उसका लड़का दीपक कुशवाह हलवाई का काम करता है और घटना दिनांक को शाम 5-6 बजे बस स्टेण्ड पर था। तभी उसे सूचना मिली कि आरोपी रविकांत से उसके लड़के का झगड़ा हो गया है। वह सूचना पाकर मौके पर पहुंचा तब आरोपी रविकांत मलैया उसके लड़के को छाती में चाकू मारकर भागा और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद वह उसके लड़के को अस्पताल उपचार हेतु लेकर आया। उक्त प्रकरण में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। जिनके आधार पर आरोपी रविकांत मलैया के विरूद्ध धारा 204, 324, 500 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया और विवेचना प्रारंभ की गई। अनुसंधान के दौरान प्राप्त चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 307 भादंवि का इजाफा कर अभियोग पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में चले प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के पश्चात दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुये जिसमें अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास के तर्कों एवं साक्ष्यों से सहमत होते हुए द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार द्वारा आरोपी को 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। उक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र व्यास द्वारा दी गई।

## बाल मित्र ग्राम में "ओपन स्कूल कार्यक्रम" की शुरुआत



**गंजबासौदा**। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा बाल मित्र ग्राम साहबा में शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से "ओपन स्कूल कार्यक्रम" की शुरुआत की गई। इस अभिनव पहल के माध्यम से ग्राम की आदिवासी बस्ती में स्कूल कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं, ताकि वे बच्चे जो अब तक नियमित रूप से विद्यालय नहीं जा पा रहे थे, दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें,ओपन स्कूल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय के बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना, लगातार अनियमित हो रहे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और ड्रॉपआउट रोकने के लिए ठोस प्रयास करना है। सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन का मानना है कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। इसी सोच के साथ यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, ताकि ग्राम के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित की जा सके और किसी भी बच्चे की पढ़ाई बीच में न रुके। संगठन की टीम द्वारा ग्राम में ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है जो स्कूल छोड़ चुके हैं या अनियमित हैं। उनके अभिभावकों से संवाद कर शिक्षा के महत्व को समझाया जा रहा है, ताकि समुदाय में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बन सके। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया गया। शिक्षकों ने शासन द्वारा बच्चों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क सुविधाओं जैसे पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, मध्यान्ह भोजन एवं साइकिल योजना की जानकारी दी।

## वायु सेवा दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान




**गंजबासौदा**। आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में भारतीय वायु सेवा के रिटायर्ड आकाश योद्धाओं द्वारा जिले के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें नगर के सभी विद्यालयों के सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी एवं विशेष अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तपस्या जैन उपस्थित थी। इस अवसर पर आचार्य विद्यावैली के छात्र जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रजत पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त किया था उनको अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा वायु सेवा की सेवानिवृत्ति टीम द्वारा भी सभी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, पंकज जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना के द्वारा भी सभी प्रतिभाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं सहित नगर की शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं संचालक उपस्थित रहे।

### जहरीले कफ सिरप के सेवन से मासूम बच्चों की हुई दर्दनाक मौतें

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि की अर्पित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत 9 अक्टूबर को छिंदवाड़ा जिले के परासिया में जहरीले कफ सिरप के सेवन से मासूम बच्चों की हुई दर्दनाक मौतों के प्रति कांग्रेस परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इसी को लेकर ब्लॉक नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को जय स्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में कांग्रेसजनों ने मोमबत्तियाँ जलाकर मासूम बच्चों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की माँग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने कहा कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सरकार को तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक अमित मेहता ने कहा यह प्रण लें कि किसी मां की गोद यूँ सूनी ना हो, मां जो दवाइयां जीवन दायनी समझकर अपने जिगर के टुकड़े को देती है, वह कभी मौत का कारण ना बने उनके जिगर के टुकड़ों के लिए। कार्यक्रम में रवि तिवारी, विकास शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, विद्या यादव, जगदीश व्यास, मंजू कुशवाह, राहुल ठाकुर, रवि साहू, राजकुमार सेन, विनोद जैन, विशाल दांगी, हर्ष शर्मा, यश बालोटिया, अभिषेक राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 191 नेत्र रोगियों का हुआ परीक्षण

**गंजबासौदा**। गत दिवस मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही वीरेन्द जैन एवं भाव्या राजे पिंगले के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमे डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. अनिल पटेल, डॉ. राघव त्रिपाठी ने लगभग 191 मरीजों नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। 89 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, 42 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया गया और 31 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर कैंप प्रभारी जीतू पाठक रहे और काउंसलिंग आरपी शुक्ला ने की। जीतेन्द्र जादौन, मिलन बघेल ने दवाई वितरित की। 29 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने देते हुए कहा की शिविरों का आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में एवं सद्गुरु स्व रणछोड़ दास महाराज की कृपा से ग्रामीण एवं शहर में लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

### कुशवाह महासभा से कार्य मुक्त किया

**गंजबासौदा**। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की जिला कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लालसिंह कुशवाह को तहसील कुरवाई अध्यक्ष पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लालसिंह कुशवाह निवासी ग्राम खजरोद तहसील कुरवाई द्वारा संगठन के संविधान अनुसार अनुशासन हीनता करने के कारण महासभा जिला विदिशा द्वारा प्रदेश कार्यकारणी के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से उक्त पद से कार्य मुक्त कर दिया गया है। अब उनके पास इस संगठन में कहीं कोई दायित्व नहीं है। इनके द्वारा इस पद का उपयोग करते हुए कोई कार्य किया जाता है, तो अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला संगठन की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् गंजबासौदा जिला-विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि./न.पा./2025/ 5758 // निविदा सूचना // गंजबासौदा दिनांक. 3/10/2025

नगरपालिका परिषद् गंज बासौदा द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु प्रपत्र "अ" पर म.प्र.शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आई.एस.एस.आर. दिनांक 02 अगस्त 2021 में (18 प्रतिशत जी.एस.टी. प्रदाय होगा) पर प्रभावशील प्रतिशत दर पर निम्नानुसार कार्यों हेतु निविदाएँ लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नानुसार धरोहर राशि के दिनांक 28.10.2025 को सांयकाल 3.00 बजे तक सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिनांक को 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों/ उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदाफार्म एक दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 27/10/2025 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रं. | कार्य का विवरण तथा स्थान | अनुमानित व्यय | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 08 में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य । | 423777/- | 8500/- | 3 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |
| 2 | वार्ड क्रं. 17 में भाटन माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 240685/- | 5000/- | 3 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |
| 3 | वार्ड क्रं. 23 में मोहम्मदी मस्जिद के पास टीन शेड निर्माण कार्य । | 339457/- | 7000/- | 3 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |
| 4 | वार्ड क्रं. 01 में गौड़बाबा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 423031/- | 8500/- | 3 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |

नियम एवं शर्ते :-

1- कार्य से सम्बन्धित अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर देखी जा सकती है।
2- कार्य की धरोहर राशि एफ.डी. आर. या नगद रूप में स्वीकृत की जावेगी।
3- कटी फटी निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
4- निविदा स्वीकृत करना/अस्वीकृत करना सक्षम प्राधिकारी के प्राथिकार में होगा।
5- कार्य की समयावधि में आवश्यक रूप से पूर्ण करना होगा।
6- ठेकेदार को वाणिज्यकर विभाग में पंजीयन पत्र (टिन नम्बर) देना आवश्यक होगा।
7- ठेकेदार को ई.पी.एफ. पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8- उपरोक्त कार्य के निष्पादन में 20 से अधिक श्रमिक लगाने की दशा में संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के तहत जिला श्रम पदाधिकारी जिला विदिशा से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तथा कार्य निष्पादन में 10 से अधिक श्रमिक लगाने की दशा में भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के तहत जिला श्रम पदाधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
9- अनुबंध के समय निविदा लागत का 3 प्रतिशत राशि ठेकेदार द्वारा नगद अथवा एफ.डी. आर. द्वारा जमा कराना होगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गंजबासौदा

## खबर संक्षेप



### माली तीसरी बार बने श्री माली समाज के अध्यक्ष

**सिरोंज।** श्रीमाली समाज ने पुनः तीसरी बार के के माली को अपना अध्यक्ष चुना। श्रीमाली का पूर्व कार्यकाल अति सराहनीय रहा था उन्होंने समाज के लिए हर संभव प्रयास कर समाज को ऊंचाइयों की ओर ले जाने का हर संभव प्रयास किए थे। उसी क्रम में पुनः तीसरी बार के के माली को समाज ने अपना अध्यक्ष चुनकर यह आशा व्यक्त कि श्रीमाली समाज को और आगे की ओर ले जाने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही माली समाज के साथ-साथ के के माली का हर समाज में बहुत सहयोग रहता है सार्वजनिक,सामाजिक कार्यक्रम सभी कार्यक्रमों में श्रीमाली समाज के अध्यक्ष के के माली भरपूर सहयोग करते हैं उनके अध्यक्ष चुने जाने पर श्रीमाली समाज के वरिष्ठ जनो व उनके मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पुरूषोत्तम माली,अभीजीत माली,बाबूलाल माली,अनुराग तारण,कैलाश चंद फौजी,तुलसीराम माली,अविनाश माली,विपिन माली,नरेश माली,बालाराम माली,संदीप माली,पप्पू माली,संतोष माली,जगदीश माली,कृष्णा माली,सतीश माली आदि आदि ने उन्हें बधाइयां दी।

### सुरखी में अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों के सर्वे के लिए दल गठित

**सागर।** विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने त्वरित कार्रवाई के लिए कलेक्टर और एसडीएम को अवगत कराया था। जिसके बाद क्षेत्र में फसलों की क्षति का सर्वे करने के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। यह दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों की फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत आंकलन करेगा।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन

# खुरई में 12 को आयोजित संघ के पथ संचलन में सभी कार्यकर्ता शामिल हों: पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पथ खुरई नगर में आयोजित पर संचलन में सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हों, खुरई की जनता इस अवसर पर विशेष सजावट कर पथ संचलन का सभी स्थानों पर स्वागत करें। यह अपील पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं व खुरई की जनता से की है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह यहां मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई केंद्र के निरीक्षण व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हेतु पहुंचे। उल्लेखनीय है कि खुरई नगर पालिका के पीछे प्रांगण में स्थित दीनदयाल रसोई केंद्र को नगरीय विकास मंत्री रहते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने ही स्वीकृत कर खुलवाया था। उन्होंने यहां पहुंच कर गरीबों को मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्थाएं देखीं। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि 12 अक्तूबर को खुरई नगर में निकाले जा रहे पथ संचलन में वे स्वयं भी सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। इस



संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवसर पर देश व दुनिया में अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी शुभ अवसर पर खुरई में भी संघ का पथ संचलन निकाला जाएगा जिसके स्वागत के लिए सभी खुरईवासी विशेष तैयारियां कर रहे हैं। पथ संचलन मार्ग पर विशेष सजावट, घरों के सामने रंगोली और पुष्प वर्षा से सभी पथ संचलन का स्वागत करेंगे। बैठक में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने प्रांगण के हिस्से में संचालित मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश सीएमओ को दिए।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने जनपद पंचायत कार्यालय खुरई में समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों ,नगरपालिका व सभी नगर परिषद क्षेत्रों में दीपावली पर्व को देखते हुए 13 अक्तूबर से 18 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चला कर सभी स्कूलों व शासकीय भवनों की पुताई सफाई हो। बैठक स्थल पर उन्होंने जन प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व जनसामान्य को बुलाया और उन सभी की समस्याओं को सुन कर समाधान किया।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने यहां की कृषि उपज मंडी स्थित खाद वितरण केंद्र पहुंचे और खाद वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने एसडीएम मनोज चौरसिया सहित सभी अधिकारियों को मौके पर ही बुला कर निर्देश दिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। खाद वितरण में असुविधा न हो। उन्होंने वितरण काऊंटरों की संख्या बढ़वाई तथा महिलाओं के लिए अलग से वितरण काऊंटर बनवाया।

जनपद में बैठक के दौरान खुरई जनपद अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह नगदा, नगरपालिका अध्यक्ष नन्हीं बाई, जनपद सीईओ मीना कश्यप उपस्थित रहे। दीनदयाल रसोई परिसर में नगर भाजपा मंडल व महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।



### श्री णमोकार तीर्थ में अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक महा महोत्सव में संयोजक नियुक्त हुए श्रेयांस जैन

**सागर।** महाराष्ट्र प्रदेश के नासिक जिले में स्थित अतिशय क्षेत्र श्री णमोकार तीर्थ क्षेत्र में आगामी 06 फरवरी से 25 फरवरी तक गणधराचार्य श्री 108 कुंथुसागर जी महाराज के मंगल आशिर्वाद एवं प्रज्ञाश्रमण सरस्वताचार्य सर्वोदयी राष्ट्र संत 108 आचार्य श्री देवनन्दी जी महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याण प्राणप्रतिष्ठा एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव के लिए सागर निवासी श्रेयांस जैन को बुंदेलखण्ड क्षेत्र के लिए संयोजक बनाया गया है। साथ ही जैन अखिल भारतीय गोलापूर्व महासभा में राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति उपरांत बुंदेलखण्ड गुरुभक्त परिवार द्वारा श्रेयांस जैन का सम्मान कर बधाई दी गई है। इस अवसर पर राकेश गोदरे, जिनेन्द्र जैन, विपिन जैन, रविकांत सेठ, अमित चौधरी, जय कुमार जैन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन व गुरु भक्त मण्डल परिवार के सदस्य गण शामिल हुए।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संभागीय कार्य शाला का आयोजन 13 अक्टूबर को

**सागर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश क्रमांक 14 (1) एवं (2) के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 13 अक्टूबर को सागर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में किया जाना है । इस कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक सागर संभाग,उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई विविध समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों की एक बैठक क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. रामकुमार गोस्वामी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ.भावना यादव, प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय डॉ. आनंद तिवारी, प्राचार्य शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय डॉ. सरोज गुप्ता, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया के प्राचार्य डॉ.ए. सी जैन तथा समितियों के संयोजक एवं सदस्य उपस्थित रहे ।



### नगर निगम कर्मचारी संघ ने महापौर, निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों के वेतन, एरियस का भुगतान एवं पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों के निराकरण हेतु म.प्र.न.पा./न.नि.कर्म.संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द्र खटीक एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री को ज्ञापन सौंपकर 13 अक्टूबर तक कर्मचारियों को दो माह का वेतन, पदोन्नति एवं पूर्व का बकाया एरियस दिये जाने की मांग की । नगर निगम/नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा है कि 13 अक्टूबर तक अगर दो माह का वेतन, एरियस का भुगतान एवं पदोन्नति नहीं की जायेगी तो 14 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल की जायेगी। जिसके लिये नगर निगम प्रशासन स्वयं जिम्मेदार रहेगा।

## 2021 से 2025 तक पंजीकृत अधिवक्ताओं का स्मृति चिन्ह व वेंड पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा




सागर जिले के गढाकोटा में गुरुवार के दिन अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा मुख्य अतिथि के रूप में,राष्ट्रीय प्रभारी माधव मालवीय विशिष्ट अतिथि एवं व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में पदस्थ पीठासीन अधिकारी अंबर श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में अधिवक्ता संघ गढाकोटा में नवीन कनिष्ठ अधिवक्ताओ का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा द्वारा वर्ष 2021 से 2025 तक पंजीकृत करीब 25 अधिवक्ता गणो का स्मृति चिन्ह व वेंड (सफेद कलर की पटटी) पहनाकर सम्मानित किया तथा इसके अलावा अधिवक्ता संघ गढाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी द्वारा सभी अतिथियो की उपस्थिति में वर्ष 2015 से 2025 तक के करीब 36 अधिवक्तागणो का नवीन धाराओ की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता की संयुक्त बृहद किताब एवं पेन/कलम देकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर की किसानों से अपील 17 तक कराएं पंजीयन

**सागर।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेंमेन्ट स्कीम प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अन्तर्गत अधिसूचित तिलहनी सफल (सोयाबीन) हेतु भावान्तर योजना वर्ष 2025-26 संचालित की जा रही है। योजनान्तर्गत किसानों को मण्डी में सोयाबीन विक्रय पर मॉडल रेट एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य के अन्तर की राशि का भुगतान कर किसान भाईयों को सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है।कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के किसान भाईयो से अपील की है कि उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु किसान भाई अपनी सोयाबीन उपज का पंजीयन जिले की सेवा सहकारी समिति के साथ ही ग्राहक सेवा केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर दिनांक 17-10-2025 तक किया जा सकता है।

## अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत

# दीपावली के पूर्व करवाचौथ होने से दुकानों पर खरीदारों की रही भीड़

- करवा एवं सामग्री बैंचने लगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

महिलाओं को वर्ष भर करवा चौथ का इंतजार बना रहता है। सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य पति की लम्बी आयु अच्छे स्वास्थ्य और परिवार में सुख शांति के लिए करवा चौथ का वृत रखा जाता है। सुबह से शाम तक महिलाएं निर्जला उपवास रखती है। रात्रि में छलनी से चन्द्रमा के दर्शन कर और पति के हाथों पानी पीकर उपवास खोलती है।

करवाचौथ व्रत के लिए गुरूवार को नगर की दुकानों पर महिलाओं की मनपसंद सामग्री छलनी, पूजन सामग्री और मिट्टी के बने रंग बिरंगे करवा खरीदनें भीड़ का नजारा बना रहता है।



### आज निर्जला उपवास रखेंगी महिलाएं

गुरूवार की अर्धरात्रि के बाद चौथ तिथि प्रारंभ हुई है। उदया तिथि में ही कोई त्योहार मनाया जाता है। इसी कारण शुक्रवार को करवा चौथ मानी गई है। सुबह से शाम तक सौभाग्य वती करवाचौथ उपवास वाली महिलाओं द्वारा बिना कुछ खायें पीयें उपवास चन्द्रमा के दर्शन पूजन और छलनी की ओट से पति के दर्शन बाद उपवास खोला जाएगा। नव विवाहित महिलाओं में करवाचौथ उपवास के प्रति भारी उमंग उत्साह बना नजर आ रहा है।

पिछले 2-3 दिनों से पुराने थाने के सामने एवं हाथ ठेलों पर करवा चौथ की पूजन सामग्री बैंचने दुकानों पर खरीददारों की भीड़ लग रही है। गुरूवार को हाटबाजार में कपड़ा, साड़ियां, सौदर्य प्रशाधन, छलनी खरीदने महिलाएं पहुंचती रही। छोटा बाजार, टाकीज रोंड, बड़ा बाजार की मनिहारी लाइन में खरीददार महिलाओं की भीड़ बनी रही।

# उत्साह के साथ मनाया आचार्य विद्या सागर महाराज का अवतरण दिवस

## पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सकल जैन समाज के तत्वावधान में विश्व बंदिनीय संस्कृति संरक्षक धर्म प्रवर्तक पूज्य गुरुवर आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का 80 वां अवतरण दिवस एवं आराध्य नवाचार्य पूज्य श्री 108 समय सागर महाराज जी के अवतरण दिवस पर एवं पाठशाला प्रणेता मुनिश्री 108 प्रशांत सागर महाराज जी, मुनि श्री 108 निर्वेग सागर महाराज जी की दीक्षा महोत्सव पर पाठशाला का वार्षिक महोत्सव एवं वार्षिक कलश की स्थापना समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पाठशाला परिवार के बच्चों द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातःकाल से ही दिगंबर जैन मंदिर, मुनि सुब्रत नाथ जिनालय में श्रद्धा एवं भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का




शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं णमोकार महामंत्र के जाप से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इसके बाद अभिषेक, शांति धारा, पूजन पाठ, आचार्य भक्ति तथा महाआरती संपन्न हुई। जिसमें समाज के काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जो की पाठशाला परिवार के द्वारा आयोजित किया। जिसमें पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संदेश देने वाले कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

इस दौरान समाज के वरिष्टों के द्वारा अपने उद्बोधन में शरद पूर्णिमा एवं गुरुदेवों के अवतरण दिवस के महत्व पर प्रेरणादायी विचार रखे गए। उन्होंने कहा कि यह दिवस आत्मशुद्धि, साधना और सेवा का संदेश देता है।

# जन्मदिन पर टीम पहल में वृद्धों को कराया भोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

टीम पहल के सेवा कार्यों की नगर ही नहीं क्षेत्र में प्रसंशा और चर्चा होती रहती है। टीम पहल के आश्रम में वृद्धों, निराश्रितों को भोजन कराया जाता है। टीम पहल द्वारा बीमार, घायल पशुओं का उपचार किया जाता है।

नगर की टीम पहल के वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों, निराश्रितों को नगर के लोग जन्मदिन पर भोजन करानें पहुंचते है।

### कराया भोजन

नगर के युवा अरकम पठान पुत्र सईद पठान जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता है, के द्वारा अपने जन्मदिन पर टीम पहल के आश्रम पहुंच कर निवासरत सभी वृद्ध महिला, पुरूषों को अपने हाथों से परोस कर भोजन कराया। अरकम पठान की माँ शाहजहॉ बेगम पूर्व में भाजपा की नपं. में पार्षद रह चुकी है।

## किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार नहीं मिल रही खाद

# डीएपी-यूरिया के लिए गोदामों पर किसानों की भीड़

- रासायनिक खाद के लिए लग रही लंबी-लंबी कतारें
- दो सह. संस्था डिफाल्टर, नहीं मिल रहा किसी प्रकार का ऋण एवं खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

रवि फसलों की बोवनी का समय शुरू हो गया है, इसी के साथ क्षेत्र के हजारों किसान रवि फसलों की बोवनी की तैयारी में जुट गए है। किसानों द्वारा बीज की बोवनी में रासायनिक खाद, विशेष रूप से डीएपी, एनपीके का उपयोग किया जाता है।

सहकारी संस्थाओं के गोदाम खाद से खाली है। क्षेत्र की 2 सहकारी संस्थाए करोडो रू. के गवन और किसानों के डिफाल्टर होने



के कारण बंद है। इन डिफाल्टर संस्था बगलवाडा एवं गगनवाडा द्वारा किसानों को किसी भी प्रकार का ऋण, खाद इत्यादि का विक्रय नहीं किया जाता परंतु आश्चर्य का विषय है, कि इन दौनों संस्थाओं द्वारा समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी की जा रही है।

सहकारी संस्थाओं को रासायनिक खाद डीएपी, यूरिया, एनपीके के विपणन संघ की गोदामों से डिमांड पर सप्लाई किया जाता है। लम्बे समय से डबल लॉक गोदामों में खाद की भारी कमी बनी हुई है। जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। किसान प्रतिदिन

### नगदी में खाद खरीदना किसानों की मजबूरी

*विपणन संघ से सहकारी संस्थाओं को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। गगनवाडा और बगलवाडा सह. संस्थाए वर्षो से डिफाल्टर बनी हुई है। इन संस्थाओं से जुडे ग्रामों के किसानों को संस्था से खाद न मिलने के कारण प्रत्येक सीजन में विपणन संघ की गोदामों से फसलों के लिए खाद नगदी में खरीदना मजबूरी बना हुआ है।*

खरगोन, बरेली की मंडी स्थित विपणन संघ का गोदामों पर खाद खरीदनें लम्बी-लम्बी लाइनें लगा रहे है। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद न मिलने से परेशानी किल्लत बढ़ती जा रही है। धान के सीजन भर किसान डीएपी, यूरिया के लिए भारी परेशान बने रहे, अब रवि फसलों की बोवनी के लिए खाद न मिलने की समस्या से जूझ रहे है।


# बदला मौसम, दीपावली से पहले ही होने लगा गुलाबी ठंड का अहसास

- दिन छोटे और रातें होने लगी बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

इस वर्ष औसत से डेढ़ गुना बारिश होने के साथ 4-5 दिन पूर्व भी रूक-रूक कर बारिश हुई। माह और नक्षत्र भी बदल गए है। कार्तिक का महिना शुरू हो गया है। इसी के साथ सूर्य दिन-रात के तापमान में गिरावट भी आना शुरू हो गई है।

**जोरदार ठंड की संभावना :** जिस प्रकार इस वर्ष भारी लगातार बारिश हुई है, उसी प्रकार इस वर्ष कडाके की लम्बी शीत काल रहने से चर्चा बनी हुई है। कार्तिक माह शुरू होते ही हवाओं में ठंडक का अहसास होने लगा है। वर्षाकाल की विदाई के संकेत भी शुरू हो गए है।



सुबह-सुबह अच्छी ओस गिर रही है। कांस भी फूल चुका है, जो मानसूनी बारिश के विदाई के संदेश है। अब सूरज की किरणों के तेवर नम पडऩे और मौसम ठंडा होने लगा है। दीपावली पर जोरदार ठंडक की दस्तक शुरू हो सकती है।

### बोवनी की तैयारी

अभी क्षेत्र में धान की कटाई शुरू होने में 20-25 दिनों का समय है। जिन किसानों के खेत खाली थें, उनके द्वारा बतर आते ही खेतों की बखरनी कर रवि सीजन की चना फसल लेने की तैयारी की जा रही है। किसानों द्वारा धान की कटाई के बाद चना, गेंहू, और टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती की जाती है।

For Sale
JOHN DEERE
5210 4WD
MP-40-ZH-3924
2024 MODEL
M: 9425010975
7880190815

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाली वाहन रैली



**बाड़ी।** गुरुवार को नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने वाहन रैली का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पथ संचलन 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर स्वयं सेवकों और नागरिकों में उत्साह है। पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासन और एकता का परिचय देंगे। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों से पूरा नगर गूंज उठेगा। इससे पूर्व गुरुवार को बाल मंदिर प्रांगण बारना कॉलोनी से वाहन रैली निकाली जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुई।

### बालमपुर घाटी पर ब्रेक फेल होने से पलटा ट्रक



**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर गुरुवार दोपहर को बालमपुर घाटी पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। क्लीनर और ड्राइवर को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि विदिशा से भोपाल प्याज लेकर जा रहा ट्रक बालमपुर घाटी पर चढ़ते समय ब्रेक फेल होने से ट्रक रिवर्स होते हुए खाई में जा पलट गया। ड्राइवर व क्लीनर ने समय रहते हुए ट्रक से कूद कर अपनी जान बचा ली।

### कांग्रेस ने सीएम का पुतला फूंकने का किया प्रयास



**रायसेन।** अमानक कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत के विरोध में गुरुवार को शहर के सागर तिराहे पर कांग्रेसियों ने सीएम डॉ मोहन यादव का पुतला जलाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस रोकने में सफल रही। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से मुख्यमंत्री का एक पुतला छीन लिया। जब कार्यकर्ता भोपाल रोड से जलता हुआ दूसरा पुतला सागर तिराहे पर लाए, तो पुलिस ने उसे भी छीनने की कोशिश की और उन पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सोलंकी ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण 20 बच्चों की मौत कोल्ड्रिफ कफ नामक दवा से हुई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ऐसा कभी नहीं हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की जान गई हो। उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को इस गंभीर मामले की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

## भू-माफियाओं ने काट दी कॉलोनियां और प्लॉट, प्रशासन ने सिर्फ नोटिस देकर पल्ला झाड़ा

# नदी और तालाब भी निगल गए रसूखदार भू-माफिया

- जमीन पर कब्जा कर मनमाने ढंग से काट दी कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के नदी, तालाब और गोहे की गांवों की चरोखर चरनोई की जमीन रसूखदार भू माफिया निकल गए हैं। इतना ही नहीं शहर के सरकारी तालाब जिनमें भुजरिया तालाब, खजिया तालाब के नजदीक कचिया श्मशान घाट की जमीन पर दबंग भू माफियाओं ने कब्जा कर प्लॉटिंग कर दी। आज सड़क विहीन कॉलोनी विकसित हो चुकी है। इसी तरह भुजरिया तालाब को भू माफिया द्वारा तालाब को समतल कर प्लॉटिंग की जा रही है।

अवैध कॉलोनियों को लेकर कलेक्टर ने इन कॉलोनाइजरों को नोटिस दिए। इनसे नगर पालिका को करोड़ों रुपए से अधिक का विकास शुल्क वसूलना था, लेकिन एक पैसा भी नहीं मिल पाया। अवैध कॉलोनी बनाने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दो बार एफआईआर कराने हेतु तत्कालीन कलेक्टर ने आदेश दिए, लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हुई। इसके अलावा महू पथरई रोड़ पर रामदेव वारको कालोनाइजर से भी नपा परिषद रायसेन को करोड़ों रुपए का भू-भाटक कर वसूलना शेष है। लेकिन नपा द्वारा सिर्फ नोटिस तक कार्रवाई सीमित रखी है।

जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा शहर के प्राचीन पूरेन तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। यहां पर्यटकों को आकर्षित करने वोट क्लब बनाने और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरु करने की योजना है, लेकिन इस राह में सबसे बड़ी बाधा इन स्थानों के आसपास रसूखदारों के अतिक्रमण हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन में कब्जा कर मनमाने ढंग से कॉलोनियां बना दी गई हैं। पूरेन तालाब घाट के आसपास कैचमेंट एरिया में भी कब्जे हैं। तालाब के आसपास भी बेतरतीब ढंग से निर्माण कर लिए गए हैं।





### राजनैतिक संरक्षण के चलते नहीं होती है कोई कार्रवाई

स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री कृषि मंत्री शिवराज सिंह लगातार भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे हैं। प्रशासन की नजर में ये सारे अतिक्रमण चिह्नित है, लेकिन राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भूमाफिया के दबदबे के कारण कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित हैं।

### ठगे गए कॉलोनियों के रहवासी अब हो रहे परेशान

*नगर की नपा सीमा क्षेत्र वार्ड 13 की सीमा क्षेत्र में सागर टोल टैक्स बेरियर के नजदीक दो जगहों पर बिना परमिशन डायवर्सन के कॉलोनियां धड़ल्ले से विकसित हो रही हैं। जिला प्रशासन की नाक के नीचे। पहले भी यहां की जमीन को भूमि प्लाटिंग के रूप में बेचने का मामला उजागर हुआ था। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई भी कराई, लेकिन दबाव पड़ा तो प्रशासन ने कार्रवाई रोक दी।*

### सरकारी जमीन बेचकर वारे-न्यारे

भू माफियाओं ने सरकारी जमीन को भी बेचकर लाखों रुपए के बारे न्यारे कर लिए हैं। लोगों ने अपने प्लाटों का मकान भी बना लिए हैं, लेकिन फिर भी वह ठगे गए हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी इन मकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चल सकता है।

#### इनका कहना है

त्यौहारों से निपटने के बाद रायसेन तहसील क्षेत्र के गांव, कस्बों में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष मुहिम के तहत टीम द्वारा सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं अतिक्रमण कारियों पर तगड़ी जुर्माने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

**मनीष शर्मा**, एसडीएम रायसेन

### करहोद में चरनोई की 20 एकड़ जमीन पर कब्जा

रायसेन के करहोद में लगभग राजस्व विभाग की 20 एकड़ चरनोई की जमीन पर भू माफियाओं का कब्जा सालों से बरकरार है। रमेश लोधी का राजस्व विभाग के चरोखर की 15 एकड़ जमीन पर आलीशान मकान गैरेज और बाड़ा बना रखा है। वहीं 13 एकड़ सरकारी जमीन पर खेती कर जमकर कमाई की जा रही है। उसके भाई पप्पू लोधी ने भी लगभग 5 एकड़ चरनोई की जमीन को हड़प लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की वजह से उनके पशु चरोखर की जमीन पर नहीं घास चरने नहीं जा रहे है। उन्होंने पहले जनसुनवाई सहित जिला प्रशासन, राजस्व विभाग को शिकायत की है। राजस्व विभाग के चरोखर की करीब 20 एकड़ जमीन पर इन रसूखदारों ने सालों से हड़प रखा है, जिससे अन्य किसानों को खेतों तक आने जाने की समस्या बनीं हुई है।

ग्रामीणों ने तहसीलदार भरत सिंह मांडले, एसडीएम मनीष शर्मा से मांग की है कि मौके पर टीम भेजकर अतिक्रमण की जांच कर उनके चंगुल से चरनोई की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। गरीब दलित आदिवासियों को खेती के लिए एक से दो एकड़ जमीन नहीं मिल रही। वहीं करहोद में सरकारी जमीनों पर बेजा अतिक्रमण कर लोग जागीरदार बने हुए हैं। इसके अलावा विष्णु मंदिर की पहाड़ी के नजदीक करहोद तालाब और सरकारी तालाबों को हड़प कर धान सोयाबीन की खेती की जा रही है। गिरवर गांव में भी रसूखदार किसानों द्वारा सरकारी स्कूल, श्मशान घाटों तालाबों में वर्तमान में खेती लहलहा रही है।

# सर्वे : तीन दिन में 2149 बच्चें सर्दी, जुकाम से पीड़ित मिले

- छिंदवाड़ा, बैतूल में हुई बच्चों की मौत के बाद जिले में चल रहा जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

छिंदवाड़ा, बैतूल में अमानक कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद जिले में भी जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देशन पर टीम गठित कर निरीक्षक दल ने दवा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अमानक पाए गए सीरप की 134 बोतल जब्त कर स्टॉकिस्ट को निर्माता कंपनी को लौटाने के निर्देश गए हैं।

औषधि निरीक्षक प्रीत स्वरूप ने बताया कि रायसेन में कार्यवाही के दौरान निरीक्षण दल ने फिक्स डोज कांबिनेशन वाली सिरप के 6 नमूने भी लिए हैं जो अमानक पाए गए। सिरप के दो स्टॉकिस्ट रायसेन में मेडीकल स्टोरों से मिले रिलाईफ सिरप का कोई स्टॉक ऑफिस नहीं मिला। जबकि ररेस्पिफ्रेश सिरप के स्टॉकिस्ट दो मेडिकल स्टोर से पाए गए। इन्हें निर्माता कंपनी को लौटने और बिक्री बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। 5 सीरपों के जांच सैम्पल जांच के लिए भोपाल लैब भेजे गए हैं।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 4 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोरफेनिरामाइन मिलियट 2 मिलीग्राम और फिनायलएफ्रीम हाइड्रोक्लोराइड 5 मिलीग्राम फार्मूले वाली एफडीसी दवाओं पर चेतावनी अंकित करना अनिवार्य किया है। इसी लेवलिंग के जांच के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है और बिना चेतावनी वाले उत्पादों को लौटाने के निर्देश भी दिए जा रहे है।

इस संबंध में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा समस्त ग्रामों में सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें यदि कोई बच्चा बीमार पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी दें। साथ ही जिला स्वास्थ्य विभाग को भी सूचना दी जाए।

सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे द्वारा बताया कि हाल ही में तीन दिवसीय जांच अभियान में लगभग 29 हजार 414 घर घर दस्तक देकर जांच की गई। इस दौरान 2 हजार 149 बच्चे सर्दी खांसी से पीड़ित मिले। इनका इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहा है।

#### इनका कहना है

जांच टीम गठित की है, जिसमें सीएमएचओ, बीएमओ सहित फूड इंस्पेक्टर, ड्रग इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम की टीमें गांव से लेकर शहरों के घर-घर दस्तक देकर बच्चों के बुखार सर्दी खासी की जांच करने में जुटी हुई है।

**- डॉ एचएन मांडरे, सीएमएचओ।**

## सीई के निरीक्षण में ग्राम मुआर, मगरमोली समनापुर व झामर की सड़कें मिली खराब

# खराब सड़कें बनाने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई के सीई ने दिए निर्देश

- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिए औचक निरीक्षण की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने पीडब्ल्यूडी द्वारा माह में दो बार औचक निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में बीते 6 अक्टूबर को मुख्य अभियंता द्वारा रायसेन जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का रेंडम आधार पर निरीक्षण किया। निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा बैठक वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भारत यादव ने की।

समीक्षा के दौरान जिले में मुआर मगरमोली, समनापुर, झामर सड़क की हालत खराब मिलने पर ठेकेदार मेसर्स आदित्य कंस्ट्रक्शन को नोटिस थमाने की अनुशंसा की गई।

बैठक में यह निर्देश दिए गए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ता की संतुष्टि तक किया जाए।

## एमपी एग्रो की गोदाम से खाद के लिए पुलिस के साए में बांटे टोकन

# दिनभर लाइन में मशक्कत झेलने के बाद किसानों को मिल रही सिर्फ दो बोरी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसानों को खाद को लेकर जिलेभर में खाद गोदामों पर मारामारी मची हुई है। कहीं पुलिस के साए में खाद बांटी जा रही है तो कहीं खाद की बोरियों को लेकर झड़पें और बहसबाजी होना आम बात हो गई है। जिम्मेदार अधिकारी भी किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया सहित अन्य खाद उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं।

जिले भर में डीएपी और यूरिया खाद लेने कहीं किसान लंबी लाइन में लगे हैं तो कहीं रतजगा करना उनकी मजबूरी बन गया है। किसान सहकारी समितियों और रायसेन की कृषि उपज मंडी स्थित एमपी एग्रो की खाद गोदामों पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आगे आना पड़ रहा है। कमोवेश यही हालात संजय नगर भोपाल रोड़ स्थित जिला विपणन संघ की खाद गोदामों के हालात बने हुए हैं।




बुधवार के बाद गुरुवार को भी रायसेन कृषि उपज मंडी स्थित एमपी एग्रो केंद्र पर 500 से अधिक किसान खाद लेने पहुंचे। भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधिकारी एवं कर्मियों ने मोर्चा संभाला। कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस ने किसानों को टोकन बांटे, जिनमें से केवल 400 किसानों को ही टोकन मिल पाए। शेष किसान खाली हाथ लौट गए।

### धान की फसल के लिए खाद चाहिए

किसानों ने बताया कि उन्हें एक आधार कार्ड पर केवल दो बोरी खाद दी जा रही है, जबकि उनकी आवश्यकता अधिक है। इस समय कुछ किसानों को धान की फसल के लिए खाद चाहिए। वहीं अधिकतर किसान रबी सीजन की फसलों के लिए खाद लेने पहुंच रहे हैं। भोपाल रोड स्थित जिला विपणन विभाग के सरकारी गोदाम पर भी उन्हीं किसानों को खाद दी जा रही है।

# मिठाई से लेकर नमकीन तक बाजार में जो खरीद रहे वह भगवान भरोसे

### त्योहारों के बीच बाजार से गायब खाद्य विभाग का अमला

- त्योहारी सीजन में खाद्य एवं औषधीय विभाग के अफसर दफ्तरों से नहीं निकले बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शहर समेत तहसील भर में इस बार त्योहारी सीजन में खाद्य एवं औषधीय विभाग के अफसर दफ्तरों से बाहर नहीं निकले है। त्योहारी उत्साह के बीच बढ़ रही भीड़ और मिठाई से लेकर व्यंजनों की खरीदारी के बीच इनकी गुणवत्ता जांचने की जवाबदारी जिस विभाग की है वह बाजार से गायब है। विभागीय उदासीनता के कारण नागरिक बाजार से जो सामग्री लेकर सेवन कर रहे है उसकी गुणवत्ता भगवान भरोसे है।

आलम तो यह है कि पिछले समय में विभाग ने कितने नमूने लिए और कितनी रिपोर्ट आई और कार्रवाई कितनों पर हुई यह भी अधिकारियों को नहीं पता है। खाद्य सामग्री बेचने वालों को भी पता है कि अधिकारी आते ही नहीं तो वह भी बेरोकटोक अपने हिसाब से सामग्री धड़ल्ले से बेचने में लगे हैं। नवरात्र से बाजार में उत्साह व खरीददारी की रंगत देखी जा रही है लेकिन विभाग अब तक गायब है। सिलवानी तहसील में न पर्याप्त सैंपलिंग हो रही है और न खाद्य पदार्थों का उचित रखरखाव। दुकानों पर औचक निरीक्षण भी नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि ऐसे में दुकानों से बगैर एक्सपायरी डेट लिखी मावे से बनी मिठाइयां हो या अन्य खाद्य सामग्री हर दिन बिक रही है।



# मजदूरों और हार्वेस्टर से कटवा रहे सोयाबीन, उपज निकल रही कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के ग्राम अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर में बारिश थमने के कुछ दिनों बाद से ही सोयाबीन की कटाई का दौर चालू हो चुका है। किसान मजदूरों एवं हार्वेस्टर से सोयाबीन फसल की कटाई करा रहे हैं।

कटाई के बाद जो उत्पादन निकलकर किसानों के सामने आ रहा है उसे देख किसानों के चेहरे मुरझाने लगे हैं। प्रति एकड़ वमुश्किल 4 से 5 क्विंटल सोयाबीन निकल रहा है, जबकि लागत प्रति एकड़ 12 से 13 हजार रुपए आना किसानों के द्वारा बताई जा रही है।

इस बार पीले सोने के नाम से जाने वाले सोयाबीन की चमक गायब है। सोयाबीन की चमक ने किसानों के चेहरे की चमक भी गायब कर दी है।



किसानों के अनुसार इस वर्ष उत्पादन भी घटकर 4 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ ही आ रहा है। ग्राम दीवानगंज के किसान सुरेश साहू, शानू खान ने बताया कि सोयाबीन में करीब 12 से 13 हजार रुपए प्रति एकड़ लागत आई है, उस मान से उत्पादन कम हुआ है। वहीं इस वर्ष अतिवर्षा के कारण सोयाबीन का दाना छोटा पड़ गया है। वहीं फसल में चमक न होने से मंडी में भी भाव अच्छा नहीं मिलने की उम्मीद है।

इस समय मंडी में सोयाबीन क्या भाव 3500 से लेकर 4000 तक है। इस हिसाब से खेती का धंधा घाटे का धंधा साबित हो रहा है।

## सिलवानी के जैन चैत्यालय में आध्यात्मिक व्याख्यान का आयोजन

### दृष्टि बदलो, तो संसार बदलेगा नियमसार पर शास्त्री के विचारों ने आत्मज्ञान की राह दिखाई

# जीवन में समता, संयम व वैराग्य को अपनाकर ही आत्मा की शुद्धि संभव है : निखिल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्थानीय जैन चैत्यालय में गुरुवार को आयोजित धर्मसभा में प्रतिष्ठित जैन विद्वान पंडित निखिल शास्त्री ने नियमसार ग्रंथ पर आधारित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर उन्होंने आत्मा के स्वरूप, वैराग्य, समता और ज्ञान के विषय में गहन अंतर्दृष्टि प्रस्तुत करते हुए कहा दृष्टि के अनुसार ही बस्तु नजर आती है। उनके इस वाक्य ने श्रोताओं को आत्मावलोकन और आत्मबोध की गहराई में उतरने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव सुख की इच्छा करता है, लेकिन यही इच्छा अंततः दुख का कारण बन जाती है। उन्होंने समझाया कि जीवन में समता, संयम और वैराग्य को अपनाकर ही आत्मा की शुद्धि संभव है। पूर्ण दशा को प्राप्त जीव ही हमारा आदर्श होता है, क्योंकि वही जीव सिद्धत्व की अवस्था तक पहुंचता है।



### विश्वास से कार्य सिद्ध होते है

प्रवचन में निखिल शास्त्री ने बताया कि विश्वास के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि आत्मा शक्तिमान है यदि प्रत्येक जीव को अपनी आत्म-शक्ति पर विश्वास हो जाए, तो वह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। आत्मा का स्वभाव ही शक्ति, ज्ञान और आनंद है। उन्होंने बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जिसमें वस्तु को स्पर्श मात्र से जान लिया जाए। यह तब ही संभव होता है जब आत्मा शुद्ध ज्ञान से युक्त हो। ऐसा व्यक्ति बस्तु को देखने या छूने मात्र से उसके संपूर्ण स्वरूप को जान लेता है। यही आत्मज्ञान की चरम अवस्था है।

### वैराग्य और त्याग का संदेश

निखिल शास्त्री ने कहा कि त्यागी और वैरागी जीव कभी राजपाठ या सांसारिक मोह नहीं चाहता। वह संग्रह और लालसा से दूर रहकर जीवन को समत्व के साथ जीता है। जरूरत से अधिक संग्रह नहीं करना चाहिए, उन्होंने कहा क्योंकि यही मोह और बंधन का कारण बनता है। वस्तु स्वरूप का वास्तविक ज्ञान होना ही सहज वैराग्य की अवस्था है। जब व्यक्ति समझ जाता है कि सभी भोग क्षणिक हैं और आत्मा ही शाश्वत है, तब उसका मन स्वाभाविक रूप से वैराग्य की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।